हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 21 अप्रैल 2026

तापमान

अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री



10 पारा 43.6 डिग्री : यह घटेगा नहीं पर गर्मी से...



12 कलेक्टर मिश्रा के एक वर्ष के कार्यकाल में बालोद जिले...



## खबर संक्षेप

### मोटर सायकिल की ठोकर से युवक घायल

बालोद। शादी का कार्ड बांट रहे व्यक्ति को मोटर सायकल ने ठोकर मार दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने उक्त मोटर सायकल चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम कुरदी निवासी भुषण लाल कश्यप ने पुलिस को बताया कि मैं अपने रिश्तेदारी के भांजा हड़गहन निवासी नरेंद्र बाबु कौमार्य के साथ शादी का निमंत्रण कार्ड बाट कर कार सीजी 11 एमबी 0353 से वापस घर हड़गहन जा रहे थे। अर्जुन्दा मनकी रोड के बीच कार को रोड किनारे अपने साइड में रोककर उतरे थे उसी समय अर्जुन्दा की ओर से अज्ञात मोटर सायकल चालक तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक, खतरनाक ढ़ग से चलाते हुए नरेंद्र बाबु कौमार्य को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे नरेंद्र बाबु सड़क पर गिर गया। एक्सीडेंट से उसके सिर के पीछे तरफ, बाये कान में चोट आया है। जिसे आने जाने वाले राहगिरो के सहयोग से ईलाज हेतु शासकीय अस्पसताल अर्जुंदा लेकर आये, प्राथमिक उपचार बाद 108 वाहन से शासकीय मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री राजनांदगांव ले जाकर भर्ती किये।

### गाड़ी हटाने की बात पर मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद**। गाड़ी हटाने की बात कहने पर व्यक्ति ने युवक के साथ मारपीट कर दिया। जिसके बाद पीड़ित युवक ने मारपीट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत दर्ज कर ली है। ग्राम बालोदगहन निवासी शैलेन्द्र सिंह सोरी ने पुलिस को बताया कि मेरे दुकान के सामने ट्रक क्रमांक सीजी 21 जे 7410 ट्रक खडा था, जिसमें कन्डेक्टर इशांक साहू बैंठा था। जो शराब के नशे में था। जिसे मैने गाडी हटाने के लिए बोला तो मुझे गाली देने लगा। तब मै और मेरे कर्मचारी गजेन्द्र विश्वकर्मा पुनः विनम्रता पूर्वक वाहन हटाने के लिए बोला तो वह आक्रोशित होकर अपशब्दो का उपयोग करते हुए मुझे अपने हाथ में पहने कडे से और हाथ मुक्के से मारपीट करने लगा। जिससे मैं रोड में गिर गया। गजेन्द्र विश्वकर्मा, श्यामपुरी गोस्वामी बीच बचाव किये है। कन्डेक्टर द्वारा अपना नाम इशांक साहू निवासी मोहलई थाना अर्जुन्दा जिला बालोद बताया था।

### दो सटोरिये गिरफ्तार

**भिलाई**। सट्टे का अवैध कारोबार करने वालो के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जवाहर नगर पुलिया के पास कल्याण, राजधानी नामक सट्टा गेम के अंकों पर रकम का दांव लगाया जा रहा था। पुलिस ने दबिश देकर हाउसिंग बोर्ड न्यू हाउसिंग बोर्ड कैलाशनगर जामुल निवासी संतोष शर्मा उर्फ संतन को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से पुलिस ने मोबाइल फोन जब्त किया है। इसके अलावा भिलाई तीन पुलिस ने शांतिपारा भिलाई 3 निवासी अविनाश ढीमर को पकड़ा है। उसके पास से नगद 4025 रकम और 16 सट्टा पट्टी पर्ची जब्त किया है।

### नदी में डूबने से दो युवको की मौत

**भिलाई**। नदी में डूबने से दो युवको की मौत हो गई। घटना छातागढ़ दुर्ग की है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक तितुरडीह दुर्ग निवासी मो.फैजल खान, ईशान नामक युवक अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ छातागढ़ के शिवनाथ नदी में नहाने गए थे। पांचों युवक नदी में नहा रहे थे, इनमें किसी को भी तैरना नहीं आता है। अचानक नहाते हुए फैजल और ईशान नदी के गहरे पानी में चले गए। जिससे दोनों बाहर नहीं निकल पाए।

# दल्लीराजहरा वार्ड-5 के शंकर तालाब में सफाई अभियान से लौटी रौनक, अब जीर्णोद्धार की तैयारी तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगर पालिका परिषद द्वारा वार्ड क्रमांक 5 शिकारी बाबा वार्ड स्थित शंकर तालाब में व्यापक सफाई अभियान चलाकर तालाब को नई पहचान देने की दिशा में अहम कदम उठाया गया है। नगर पालिका के कर्मचारियों ने तालाब में जमी गाद, उगी घास, चितावर तथा कमल ककड़ी को हटाकर जलस्त्रोत को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया। लंबे समय से उपेक्षित इस तालाब में सफाई के बाद अब पानी की स्पष्टता और सौंदर्य दोनों में सुधार दिखाई देने लगा है।

इस अभियान के बाद तालाब की स्थिति में सकारात्मक बदलाव नजर आ रहा है। नगर पालिका

**जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन को मिलेगा बढ़ावा**









का कहना है कि यह कार्य केवल सफाई तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि तालाब के शेष हिस्से की भी सफाई कर मिट्टी बाहर निकाली जाएगी, जिससे जलभराव क्षमता बढ़ेगी और तालाब का दायरा भी विस्तारित होगा। इससे आने वाले समय में यह स्थल स्थानीय नागरिकों के लिए ▶▶|शेष पेज 11 पर

## निर्देश : एक मई से 10 जून तक आयोजित होगा सुशासन तिहार

# सुशासन तिहार 2026 की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- 4 मई को पिनकापार में पहला शिविर
- हितग्राहीमूलक योजनाओं का मिलेगा लाभ

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने राज्य शासन के द्वारा प्रदेश में 01 मई से 10 जून के मध्य आयोजित की जाने वाली सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत बालोद जिले में इसका सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में मिश्रा ने जिले में सुशासन तिहार के आयोजन के तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी विभाग प्रमुखों को सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदनों के निराकरण के पश्चात आवेदकों को इसकी जानकारी अनिवार्य रूप से देने के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने सुशासन तिहार के आयोजन के संबंध में राज्य शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राजस्व अनुविभागीय अधिकारी अपने-अपने अनुविभाग के अंतर्गत आयोजित होने वाले सभी जनसमस्या निवारण शिविरों के नोडल अधिकारी होंगे। इसके साथ ही जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।



जिले में लगेंगे 32 जनसमस्या निवारण शिविर

कलेक्टर ने कहा कि अपने-अपने अनुविभाग में आयोजित होने वाले जनसमस्या निवारण शिविर के संपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी संबंधित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों की होगी। कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रें में कुल 32 जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रें में कुल 23 एवं नगरीय क्षेत्रें में कुल 09 जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। मिश्रा ने राजस्व अधिकारियों को शिविर में प्राप्त नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन आदि के प्रकरणों का त्वरित निराकरण के अलावा आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र से संबंधित आवेदनों का भी तत्काल निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने शिविर में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना इत्यादि हितग्राहीमूलक योजनाओं का पात्रतानुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक अनुविभागों में 04 से 06 जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसका उन्होंने समुचित प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। जिससे कि आम जनता को सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित होने वाले जनसमस्या निवारण शिविर की तिथि, स्थल एवं अन्य आवश्यक जानकारियां प्राप्त हो सके। कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत बालोद जिले में पहला जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन सोमवार 04 मई को डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम पिनकापार के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा।

कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव एवं अन्य गणमान्य जनों द्वारा शिविर में प्रवास के ▶▶|शेष पेज 11 पर

# जिला बनने के बाद भी डाक सेवाओं के लिए 'दुर्ग' पर निर्भर बालोद, प्रधान डाकघर की दरकार

**दशकों पुराने ढांचे में फंसा डाक विभाग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिला बनने के बाद भी जिलेवासियों को पुराने व्यवस्था में ही काम करना पड़ रहा है। जिससें आम जनता के साथ विभाग को भी समय व धन की हानि उठानी पड़ रही है। जिला स्तर पर ही जिला स्तरीय कार्यालय खुले लेकिन ग्रामो में सुविधा विस्तार हेतु प्रशासन उदासीन है। जिला में डाक विभाग आज भी दशको पुराने ढाचे में कार्य कर रहा है। जिला मुख्यालय स्थित उपडाकघर का उन्नयन प्रधान डाकघर के रूप में नही हुआ है। जिससे आज भी जिलावासी प्रधान डाकघर की सुविधा के लिए अपने पुराने जिला मुख्यालय दुर्ग पर आश्रित है। जहां आने जाने में ही आम जन को धन व समय की हानि हो रही है।

वही ग्रामो की स्थिति भी नही बदली है, करहीभदर में शाखा डाकघर संचालित है। करहीभदर शाखा डाकघर का उन्नयन नही होने से ग्रामीणों को पुरी डाक सुविधा नही मिल पा रही है। करहीभदर क्षेत्र के पच्चीस से अधिक ग्रामो के ग्रामीण अपने कार्यो के लिए बालोद उपडाकघर पर निर्भर है। करहीभदर शाखा डाकघर को यदि उपडाकघर के रूप में उन्नयन कर दिया जाता है तो करहीभदर क्षेत्र के आस पास स्थित चारवाही, निपानी, लिमोरा, सोरर, जामगांव, बरही, नारागांव, जमरूवा शाखा डाकघरो को करहीभदर उपडाकघर से जोड़कर बालोद आने जाने का समय व धन बचाया जा सकता है वही इन शाखा डाकघरो के ग्राहको को उपडाकघर की सुविधा करहीभदर में मिलने लगेगी। करहीभदर से बालोद की दूरी 15 किलोमीटर है वही अन्य शाखा डाकघरो से भी बालोद की दूरी 25 से 10 किलोमीटर है। वही यदि उपरोक्त शाखा डाकघरो को मिलाकर करहीभदर उपडाकघर बनाया जाता है तो अन्य शाखा डाकघरो से करहीभदर की दूरी 3 से 5 किलोमीटर रह जाएगी। सरपंच करहीभदर बसंत तारम ने कहा कि बढ़ती आबादी एवं आम जनता की सुविधा के लिए करहीभदर को उन्नयन कर उपडाकघर बनाना चाहिए। इसके लिए पंचायत हर संभव सहयोग प्रदान करेंगी।

# लव जिहाद मामले पर भड़का आक्रोश विहिप और बजरंग दल ने फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय में नासिक के टीसीएस में उजागर हुए लव जिहाद के षड्यंत्र के बाद विश्व हिन्दू परिशद् एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओ ने आज जिहादी मानसिकता का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन जताया गया। इस दौरान लव जिहाद में शिकार हो रहे हिंदू बहनों के समर्थन में अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इस दौरान वक्ताओ ने कहा देश में लगभग हर क्षेत्र में बढ़ रही सुनियोजित जिहादी घटनाएं विकृत मानसिकता का परिचायक है। नासिक के टीसीएस में उजागर हुआ लव जिहाद का षड्यंत्र इस श्रृंखला में ही एक कड़ी है। अनेक नगरों से लव जिहाद, वन भूमि, सार्वजनिक भूमि, सेना और रेल भूमि पर अवैध कब्जा, खान-पान की वस्तुओं को अपवित्र करना, अधिक मुस्लिम आबादी वाले स्थानों पर हिंदू परिवारों के ▶▶|शेष पेज 11 पर



सुनियोजित षड्यंत्र के खिलाफ हुंकार


# शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर पुलिस का शिकंजा शासकीय चालक समेत 11 पर लगा भारी जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पुलिस द्वारा 20 मार्च को शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 10 एवं मालवाहक वाहन में यात्री परिवहन करने वाले 01 कुल 11 प्रकरणों में कार्यवाही की गई। इस दौरान एक शासकीय वाहन को शराब पीकर वाहन चलाते पाएं जाने से चालक के खिलाफ शराब सेवन पर कार्यवाही की गई। आरोपियो को न्यायालय पेश करने पर उनके खिलाफ 1,10,500 रूपये अर्थदण्ड हुआ। सभी वाहन चालकों का 06 माह के लिए लायसेंस निलंबित किया गया। चेतावनी दी गई दुसरी बार शराब पीकर वाहन चलाने पर हमेशा के लिए लायसेंस निरस्त किया जाएंगा।

**लायसेंस होंगे निलंबित, दूसरी गलती पर हमेशा के लिए निरस्त**






यातायात बालोद एवं जिले के सभी थाना, चौकी प्रभारीयों द्वारा जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आम जनों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले एवं दोपहिया वाहन में बिना हेलमेट वाहन चलाने पर विशेष अभियान चलाकर लगातार जागरूकता अभियान एवं कार्यवाही की जा रही है।

20 अप्रैल को शराब सेवन कर वाहन चालाने वाले 10 वाहन चालकों से 1,00,000 रूपये की अर्थदण्ड एवं एक मालवाहक वाहन में यात्री परिवहन करने पर 10,500 रूपये कुल 11 प्रकरणों में 1,10,500 रूपये का अर्थदण्ड न्यायालय द्वारा किया गया है, जिसमें एक शासकीय वाहन चालक द्वारा भी शराब सेवन कर वाहन ▶▶|शेष पेज 11 पर

## जिला कांग्रेस कमेटी बालोद की पत्रकारवार्ता, परिसीमन को लेकर केंद्र सरकार पर लगाए आरोप

# महिला आरक्षण पर भाजपा फैला रही भ्रम कांग्रेस ने हमेशा दिया समर्थन : चंद्रेश हिरवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला कांग्रेस कमेटी बालोद द्वारा महिला आरक्षण पर केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में आयोजित जिलास्तरीय पत्रकारवार्ता मे जिला अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने कहा कि कांग्रेस महिला आरक्षण के समर्थन में थी, है और रहेगी, भाजपा द्वारा लगातार भ्रम फैलाया जा रहा है कि कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण बिल का समर्थन नहीं किया, इसलिए संसद में बिल पास नहीं हो सका। भाजपा झूठ बोल रही है, जबकि महिला आरक्षण बिल नारीशक्ति वंदन अधिनियम 2023 के नाम से 128 वां संविधान संशोधन विधेयक 2023 में संसद के दोनों सदनों में पारित हो चुका है तथा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस पर हस्ताक्षर कर चुकी है और यह कानून बन चुकी है।




परिसीमन और आरक्षण का जाल बुनकर सरकार जनगणना को टालने की साजिश रच रही है, 16 अप्रैल 2026 को केंद्र सरकार ने जो विधेयक संसद में प्रस्तुत किया वो 131 वां संविधान संशोधन विधेयक था, जो कि महिला आरक्षण को मुखौटा बनाकर परिसीमन संशोधन बिल एवं केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन बिल को भाजपा पास करवाना चाहती थी, इस विधेयक में 2011 की जनगणना को आधार बनाकर परिसीमन में लोकसभा की सीटें 850 राज्यों की 815 एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 35 सीटें करने का प्रस्ताव था। महिला आरक्षण बिल को अगर तत्काल ही लागू करना है तो वर्तमान सदस्य संख्या में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर भी कानून लागू कर सकती है जिसमें कांग्रेस ने पहले ही समर्थन दे दिया है।

संजारी-बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने केंद्र सरकार एवं भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जब 2026-27 की जनगणना शुरू हो चुकी है और सरकार ने जातिगत जनगणना की बात भी स्वीकार की है तो जनगणना के बाद आये नए आंकड़ों के आधार पर परिसीमन कर महिला आरक्षण क्यों नहीं दे रही सरकार, भाजपा की मंशा महिला आरक्षण की नही बल्कि अपने मनमुताबिक परिसीमन की थी, जो विपक्षी दलों की एकजुटता से पूरा नही हो सका, सीटों ▶▶|शेष पेज 11 पर

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के अधिकारों और सम्मान का विषय : सुनीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



देश में यदि नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन पास होता तो देश की आधी आबादी को उनका प्रतिनिधित्व मिलता तथा वे लोकसभा व राज्यसभा में 33 प्रतिशत की संख्या में देश की नीतियां बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाती। उक्त बातें अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर सुनीता संजय साहू ने कहीं।

उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की महिलाओं को नीति निर्धारण में भागीदारी देने वाला एक ऐतिहासिक कदम है, लेकिन विपक्ष की राजनीति के कारण यह पूरा नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि यह केवल एक विधेयक नहीं, बल्कि देश की करोड़ों माताओं, बहनों और बेटियों के अधिकारों और सम्मान से जुड़ा विषय है। उन्होने कहा कि राजनीतिक स्वार्थ के चलते महिलाओं के हितों को एक बार फिर नजरअंदाज किया गया है। यह हिस्सा छीनने नहीं बल्कि हिस्सा बढ़ाने का प्रयास था, जिसे विपक्ष ने जानबूझकर रोकने का काम किया। भाजपा सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। आज देश में महिलाओं को ड्रोन दीदी योजना के माध्यम से तकनीकी रूप से सशक्त किया जा रहा है, लखपति दीदी योजना से उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है और स्वच्छ भारत मिशन के तहत करोड़ों शौचालय बनवाकर महिलाओं को सम्मान और सुरक्षा दी गई है।

खबर संक्षेप

## महिलाओं के अधिकार व सम्मान पर राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण



भिलाई। लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर हालिया घटनाक्रम ने देश की राजनीति का एक चिंताजनक पक्ष उजागर किया है। कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन द्वारा इस महत्वपूर्ण विधेयक पर जिस प्रकार का विरोध सामने आया है, वह स्पष्ट रूप से महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति उनकी नकारात्मक सोच को दर्शाता है। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने कहा कि यह विषय किसी दल विशेष का नहीं, बल्कि देश की करोड़ों माताओं-बहनों के अधिकार, सम्मान और उनके उज्ज्वल भविष्य से जुड़ा हुआ है। ऐसे महत्वपूर्ण अवसर पर विपक्ष द्वारा राजनीति करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विगत कई दशकों में कांग्रेस ने महिलाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में ठोस प्रयास नहीं किए, बल्कि कई बार उनके अधिकारों को सीमित करने का कार्य किया।

## महिला आरक्षण विधेयक का पारित ना होना नारी शक्ति का अपमान



भिलाई। भाजपा के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक डॉ. प्रदीप चौधरी ने महिला आरक्षण विधेयक का पारित न होना वास्तव में नारी शक्ति का अपमान बताया है। उन्होंने कहा की यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि वर्षों से महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने की बात करने वाले विपक्षी दल आज इस महत्वपूर्ण विषय पर ठोस कदम उठाने में विफल रहे हैं। उनके दोहरे चरित्र ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वे केवल राजनीति के लिए महिलाओं के मुद्दों का उपयोग करते हैं, लेकिन जब वास्तविक निर्णय लेने का समय आता है, तो वे पीछे हट जाते हैं। इसके विपरीत, भारतीय जनता पार्टी ने सदैव महिलाओं के सशक्तिकरण को अपनी प्राथमिकता में रखा है।

# जहां निकासी की व्यवस्था नहीं वहां बना दी नाली, अभी से भरा है गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

रिसाली निगम के वार्ड 20 के साप्ताहिक बाजार में ठेकेदार ने ऐसी नाली बनाई है कि वहां निकासी की व्यवस्था ही नहीं है। निकासी व्यवस्था नहीं होने की वजह से अभी से ही भीषण गर्मी में लोगों के घरों से निकलने वाला पानी जमा हो गया है। आउटलेट नहीं बनाए जाने की वजह से बारिश के दिनों में गंदा पानी बाजार क्षेत्र में फैलेगा। बाजार में आने वाले हजारों लोगों को दिक्कतें आएगी। वहीं बाजार में सब्जी बेचने वालों की भी परेशानी बढ़ेगी।

### 10 लाख रुपए का भुगतान भी हो गया लेकिन निरीक्षण नहीं

रिसाली के इस नाली का निर्माण करीब 10 लाख रुपए की लागत से करवाया गया है। हैरत की बात यह है कि रिसाली निगम के इंजीनियरों ने बिना आउटलेट के इस नाली निर्माण को मंजूरी कैसे दे दी। रहवासियों ने सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि निर्माण के पैसे भी संबंधित ठेकेदार को भुगतान कर दिया गया है। जबकि निगम के संबंधित इंजीनियर के बिना पूर्णताः प्रमाण पत्र के भुगतान नहीं हो सकता। निर्माण पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने से पहले मौके का निरीक्षण नहीं हुआ। रहवासियों ने बताया कि नाली को दूसरे के मकान से टिका दिया गया है। जिससे मकान की नींव भी प्रभावित हो रही है।





### शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

रहवासियों ने बताया कि साप्ताहिक बाजार में हजारों लोग खरीदी के लिए आते हैं। आसपास कई घर हैं जहां लोग अपने छोटे बच्चों और परिवार के साथ निवास करते हैं। नाली में गंदगी पसर रही है। आउटलेट नहीं होने की वजह से बारिश के दिनों में यहां संक्रमण का खतरा है। रिसाली निगम में इस समस्या की जानकारी भी दी गई है लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। आउटलेट की व्यवस्था नहीं की गई तो सब्जी व्यवसाईयों के साथ मिलकर निगम कार्यालय में प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होने बताया कि महापौर जब दौरे में आई थी तो उनका भी ध्यान आकृष्ट कराया गया था।

## बदलता मौसम : ट्विनसिटी के रहवासियों को गर्मी से मिल सकती है राहत

# पारा 43.6 डिग्री : यह घटेगा नहीं पर गर्मी से मिलेगी राहत, हो सकती है हल्की बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

हरिभूमि सरोकार

ट्विनसिटी का पारा रविवार को 43.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जिसकी वजह से लू की चपेट में ट्विनसिटी रही। सुबह से ही सूर्यदेव की तपिश इतनी ज्यादा थी कि तेज गर्मी लगने लगी। दोपहर को यह चरम पर पहुंच गया। गर्म हवाएं चलने लगी। लोग अपने घरों में ही दुबके रहे। बाजार और सड़कों पर आवाजाही बेहद कम हो गई। शाम 6 बजे तक वातावरण गर्म रहा। इस दौरान हल्की बदली भी आ गई। जिसकी वजह से उमसभरा माहौल उत्पन्न हो गया। मौसम विभाग ने 21 यानी सोमवार को इस मौसम में बदलाव की संभावना जताई है। उसके बाद भी तापमान में कमी नहीं आएगी। लेकिन कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। जिससे उमसभरी गर्मी से लोगों को थोड़ी राहत मिल सकती है।

### अप्रैल महीने में मई जैसी तपिश



सुपेला सरकारी अस्पताल में इन दिनों बढ़ गई है मरीजों की संख्या।

### इन दिनों सिस्टम में है तीन द्रोणिकाएं हैं सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर दक्षिण द्रोणिका पूर्वी उत्तर प्रदेश से तटीय उड़ीसा तक झारखंड होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा उत्तर दक्षिण द्रोणिका का मन्नार की खाड़ी से उत्तर अन्दरूनी कर्नाटक तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका पूर्वी उत्तर प्रदेश से मणिपुर तक बिहार, गंगेटिक पश्चिम बंगाल के उत्तरी भाग, बांग्लादेश होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### प्रति चक्रवात का भी है असर

मौसम विभाग के मुताबिक एक प्रति चक्रवात अंदरूनी महाराष्ट्र और उससे लगे तेलंगाना तथा उत्तर अंदरूनी कर्नाटक तक 3.1 कम से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसकी वजह से 20 अप्रैल को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। दुर्ग, बिलासपुर, और रायपुर संभाग के जिलों में ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति से थोड़ी राहत मिलने की संभावना है।

### स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया एलर्ट

स्वास्थ्य विभाग ने भीषण गर्मी और लू जैसे हालात को देखते हुए एलर्ट जारी किया है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक लू के ये लक्षण हैं। जैसे सिर से भारीपान और दर्द होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक हो जाने के बाद भी पसीने का न आना, अधिक प्यास और पेशाब कम आना, भूख कम लगना तथा बेहोश होना।

### 104 आरोग्य सेवा केंद्र से दे रहे परामर्श

लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी से ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतया नमक की कमी हो जाना होता है। अतः इससे बचाव के लिए निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए- बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जाए। धूप से निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें। पानी अधिक मात्रा में पीये और अधिक समय तक धूप में न रहें। गर्मी के दौरान नरम मुलायम सूती कपड़े पहनने चाहिए ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे। इसी प्रकार अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस. घोल पीयें। चक्कर आने, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें तथा शीतल पेय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श लिया जाए और उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से जरूरी सलाह लिया जाए।

### लू लगने पर प्रारंभिक उपचार

बुखार पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठण्डे पानी की पट्टी लगावें, अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलावें जैसे कच्चे आम का पना, जल जीरा आदि, पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लिटा देवें, शरीर पर ठण्डे पानी का छिड़काव करते रहें, पीड़ित व्यक्ति को यथाशीघ्र किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जाए तथा मितानिन ए.एन.एम. से ओ.आर.एस. के पैकेट हेतु संपर्क करें।

# अग्निशमन सेवा दिवस पर फायर सेफ्टी पर जांबाजों ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस और अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन जेके लक्ष्मी सीमेंट प्लांट में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल को अधिक सुरक्षित बनाना है। सप्ताह भर आयोजित गतिविधियों की समीक्षा के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों और विभागों को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम का समापन अग्निशमन सेवा के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया गया। समापन अवसर पर दुर्ग जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र सिंह और संयंत्र प्रमुख राजपाल सिंह शेखावत विशेष रूप से उपस्थित थे। संयंत्र प्रमुख राजपाल सिंह शेखावत ने कहा कि प्लांट में प्रत्येक कर्मचारी को नियमित रूप से फायर सेफ्टी की ट्रेनिंग दी जाती है और समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

उन्होंने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में जेके लक्ष्मी सीमेंट की फायर ब्रिगेड टीम पूरी तत्परता से घटनास्थल पर पहुंचकर आग बुझाने में सहयोग करती है, जिसके लिए कंपनी को शासन स्तर पर सम्मान भी मिल चुका है।

### लोगों को दिया गया सुरक्षा प्रशिक्षण, किया जागरूक

अग्नि सुरक्षा सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें अग्निशमन उपकरणों का व्यावहारिक प्रशिक्षण, मॉक फायर और आपदा प्रबंधन अभ्यास, फायर ड्रिल, इमरजेंसी रिस्पॉन्स डेमो और सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम शामिल रहे। फायर ऑफिसर पंकज चौहान और उनकी टीम ने प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से कर्मचारियों और सहयोगी श्रमिकों के साथ-साथ आसपास के शैक्षणिक और स्वास्थ्य संस्थानों में भी जागरूकता अभियान चलाया। इसमें आत्मानंद स्कूल अहिवारा, सेमरिया हाई स्कूल, नंदिनी खुदनी हाई स्कूल, गांधी मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल नंदिनी नगर, डीएवी पब्लिक स्कूल नंदिनी नगर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अहिवारा और सीएसआर सेंटर अहिवारा के छात्र, शिक्षक और स्वास्थ्यकर्मी शामिल हुए। इस अभियान में लगभग 1500 बच्चों, शिक्षकों, डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और कर्मचारियों ने भाग लिया।

# आपदा के समय ही मानवता की होती है वास्तविक परीक्षा : कुलपति डॉ. तिवारी




हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. डॉ. संजय तिवारी मुख्य अतिथि मौजूद रहे।

कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना देश में युवाओं में राष्ट्रसेवा का भाव जागृत करने वाली एक सशक्त संस्था है। जब-जब देश में आपदा आई है, तब-तब एनएसएस के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया है। केरल में आई भीषण बाढ़ का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि वहां के एनएसएस स्वयंसेवकों ने प्रभावित क्षेत्रों में कार्य कर लगभग 2000 से अधिक लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि आपदा के समय ही मानवता की वास्तविक परीक्षा होती है और एनएसएस इस संवेदनशीलता को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

कार्यक्रम में कुलसचिव भूपेंद्र कुलदीप ने कार्यक्रम अधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी सदैव समाजहित में कार्य करते हैं तथा विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं। विषय विशेषज्ञ डॉ. आरपी अग्रवाल ने कुलपति के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा को कार्यक्रम अधिकारियों के लिए गौरवपूर्ण बताया।

कार्यक्रम के संयोजक प्रो. जनेन्द्र कुमार दीवान ने कार्यशाला के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 50 राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों का प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में नेतृत्व, व्यक्तित्व विकास, समर्पण, सेवा भावना एवं राष्ट्रभक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है, जिससे कार्यक्रम अधिकारी अपने विद्यार्थियों को भी राष्ट्र सेवा के प्रति प्रेरित कर सकें। कार्यक्रम संयोजक प्रो. जनेन्द्र कुमार दीवान ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यशाला सात दिनों तक निरंतर संचालित होगी, जिसमें विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतिदिन व्याख्यान एवं मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए जाएंगे।

# भू-विज्ञान के क्षेत्र में नारी सशक्तीकरण पर व्याख्यान



दुर्ग। भूविज्ञान के क्षेत्र में छात्राओं के लिये अनेक संभावनाएं है। यदि वे निष्ठा एवं लगन के साथ अध्ययन करें तो देश, विदेश तथा प्रदेश में उनके लिये अनेक संभावनायें है, ये उद्गार पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के भूगर्भशास्त्र विभाग के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. डीपी कुईती ने व्यक्त किये। डॉ. कुईती शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के भूगर्भशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित आमंत्रित व्याख्यान दे रहे थे। डॉ. कुईती ने अलग-अलग क्षेत्रों में सफल एवं प्रसिध्द महिलाओं के विषय में पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से भूविज्ञान के क्षेत्र में नारी सशक्तिकरण पर रोचक व्याख्यान दिया। डॉ. कुईती के व्याख्यान के दौरान भूगर्भशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एसडी देशमुख, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. इन्द्रजीत साकेत तथा डॉ. राहुल द्विवेदी सहित समस्त स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

अपने व्याख्यान में डॉ. कुईती ने भारत में प्रथम टीशू कल्चर लैब, पैथालॉजी लैब, अंतरिक्ष अनुसंधान, परमाणु अनुसंधान तथा भूविज्ञान के क्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाओं का उदाहरण देते हुए उनके सफल यात्रा पर विस्तार से चर्चा की। द्वितीय व्याख्यान में डॉ. कुईती ने हिमनदों के पिघले तथा ज्वालामुखी के उद्गार पर केन्द्रित जानकारी विद्यार्थियों को दी। 77 वर्षीय डॉ. डीपी कुईती ने जलवायु परिवर्तन तथा ग्लोबल वार्मिंग का उल्लेख करते हुए ग्लेशियर के पिघलने के गति तथा उसके पारस्परिक परिणाम पर भी गहराई से चर्चा की।

# पीएम आवास निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर करने हितग्राहियों से सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

■ डाटा सेंटर में आयुक्त ने ली हितग्राहियों की बैठक

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वीएलसी घटक के ऐसे हितग्राही, जिन्होंने मकान निर्माण के लिए आवेदन तो किया है लेकिन किसी कारणवश कार्य प्रारंभ नहीं कर पा रहे हैं, उनके लिए नगर निगम दुर्ग द्वारा विशेष पहल की गई। कलेक्टर के निर्देश पर आयुक्त सुमित कुमार अग्रवाल ने रविवार को डाटा सेंटर में बैठक लेकर हितग्राहियों से सीधे संवाद किया।

बैठक में उपस्थित हितग्राहियों से आयुक्त ने व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर उनकी समस्याओं को समझा। कई हितग्राहियों ने आर्थिक अभाव, तो कुछ ने ठेकेदार द्वारा समय पर कार्य नहीं करने की शिकायत रखी। वहीं कुछ ने शुभ मुहूर्त का इंतजार करने की बात कही। आयुक्त ने सभी को शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए प्रेरित करते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।



### 20 हितग्राहियों ने दी सहमति

बैठक में कुल 88 हितग्राहियों में से 36 उपस्थित हुए। विस्तृत चर्चा और समझाइश के बाद लगभग 20 हितग्राहियों ने अपने मकान निर्माण कार्य को जल्द शुरू करने की सहमति व्यक्त की।

### हरसंभव सहायता देने की मंशा

नगर निगम का उद्देश्य ऐसे सभी हितग्राहियों को सहयोग प्रदान करना है, जो किसी भी कारण से अपना आवास निर्माण शुरू नहीं कर पा रहे हैं। आयुक्त ने आश्वस्त किया कि पात्र हितग्राहियों की समस्याओं का समाधान कर उन्हें उनके सपनों का घर दिलाने की दिशा में निरंतर प्रयास किया जाएगा।

# केवि शिक्षक संघ ने राज्यसभा सांसद से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

केंद्रीय विद्यालय प्रगतिशील शिक्षक संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा से सौजन्य भेंट कर शिक्षकों की ज्वलंत और लंबे समय से लंबित समस्याओं को विस्तार से उनके समक्ष रखा। संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र गिरी ने अवगत कराया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा आयोजित विभागीय पदोन्नति परीक्षा में सीटेट उत्तीर्ण न करने वाले शिक्षकों को पूर्व में वंचित किया गया था, जिसके पश्चात शिक्षकों ने पूर्ण निष्ठा एवं परिश्रम के साथ परीक्षा दी और बड़ी संख्या में सफल भी हुए। परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद भी अब तक संबंधित पोर्टल नहीं खोला गया है, जबकि 26 अप्रैल को पदोन्नति परीक्षा की तिथि घोषित कर दी गई है। यह स्थिति प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के प्रतिकूल है तथा शिक्षकों, विशेष रूप से प्राथमिक शिक्षकों के अधिकारों का स्पष्ट हनन है, जिन्हें पर्याप्त योग्यता अर्जित करने के बावजूद उचित अवसर प्रदान नहीं किए जा रहे हैं। संघ के महासचिव डॉ. अजय आर्य ने बताया कि इस संबंध में एक समग्र एवं तथ्यों पर आधारित ज्ञापन सांसद को सौंपा गया, जिसमें शिक्षकों की व्यावहारिक समस्याओं, प्रशासनिक विसंगतियों तथा पदोन्नति प्रक्रिया में पारदर्शिता की आवश्यकता को प्रमुखता से रेखांकित किया गया है। सांसद लक्ष्मी वर्मा ने विषय की गंभीरता को समझते हुए प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे इस मुद्दे को संसद के पटल पर प्रमुखता से उठाएंगी।

# भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए बस से कोलकाता रवाना हुए स्वर्णकार कारीगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु राज्य में इस समय चुनावी सरगर्मी तेज है। यहां नई सरकार चुनने के लिए 23 और 29 अप्रैल को मतदान होना है।

■ भाजपा नेता कन्हैया सोनी खुद साथ हुए रवाना

भाजपा की ताकत बढ़ाने और सरकार बनाने के लिए सभी राज्य के भाजपा नेता तेजी लगे हुए हैं। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य कन्हैया सोनी भी पीछे नहीं है।



उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य के सभी स्वर्णकार कारीगरों को इकट्ठा किया। उन्हें भाजपा पार्टी के नीति और रीति के बारे में बताया और भाजपा के पक्ष में मतदान कराने के लिए खुद उन्हें बस में लेकर कोलकाता के लिए रवाना हुए हैं। उनके मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ से बस द्वारा सैकड़ों की संख्या में स्वर्णकार कारीगर कोलकाता के लिए रवाना हुए। सोनी का कहना है कि वो सभी भाजपा के पक्ष में मतदान कर पार्टी को जीताने में अपना अमूल्य योगदान देंगे। कन्हैया सोनी ने बताया कि संगठन के प्रति अपनी अटूट निष्ठा और चुनावी सक्रियता का परिचय देते हुए उन्होंने एक अभियान चलाया है।

उन्होंने अपने भिलाई दुर्ग में कार्यरत स्वर्णकार समाज के कारीगरों और उनके परिवारों को मतदान हेतु प्रेरित किया है। इसके बाद विशेष बसों का प्रबंध कर इन मतदाताओं को उनके मूल निवास कोलकाता भेजने की व्यवस्था की है। वह स्वयं भी कोलकाता गए। रवाना होने से पूर्व सभी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक जय श्री राम और भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए। सोनी ने कहा कि, राष्ट्रहित में प्रत्येक वोट कीमती है।

# बेरोजगार युवाओं में कौशल को बढ़ावा देने इंटर्नशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

बेरोजगार युवाओं में कौशल को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना प्रारंभ की गई है।

पॉलीटेक्निक दुर्ग के प्राचार्य एवं प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के नोडल अधिकारी प्रकाश कुमार पाण्डेय ने बताया कि दुर्ग जिले के युवाओं के लिए योजना अंतर्गत पंजीयन आवेदन के लिए उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक में 29 अप्रैल दोपहर 12 से शाम 5 तक शिविर का आयोजन किया जा रहा। अभ्यर्थी शिविर में उपस्थित होकर आवेदन के लिए निःशुल्क पंजीयन करा सकते है। आवेदन हेतु यह अनिवार्य है कि वह किसी शासकीय सेवा, परिवार में कोई सदस्य शासकीय सेवा, परिवार के किसी सदस्य की वार्षिक आय 8 लाख से अधिक न हो एवं आवेदक की उम्र 18 से 25 वर्ष होनी चाहिए।

आवेदक इंटर्नशिप कॉर्पोरेट मंत्रालय द्वारा चयनित कंपनियों जिसकी सूची पोर्टल में दी गई है। किसी भी एक कंपनी का चयन कर सकते हैं। यह केवल 1 वर्ष की अवधि का होगा। आवेदन के उपरांत युवाओं को चयनित होने पर कार्पोरेट उपक्रम में एक साल की अपरेंटिशिप में 9,000 प्रतिमाह मानदेय व संबंधित को एक वर्ष में 6,000 रूपए एक मुश्त अन्य खर्च हेतु प्रदान किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### गांजा तस्करी में शामिल आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** गांजा तस्करी मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को कार समेत गिरफ्तार किया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन विश्वास के तहत गांजा तस्करी में शामिल रहने की जानकारी मुखबिर ने पुलिस को दी। जुनवानी स्थित इमली तालाब के पास कार में गांजा रखकर अवैध बेचने वाले को दबिश देकर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम आर्य नगर कोहका निवासी अश्वनी कुमार प्रजापति बताया है। उसके पास से पुलिस ने 2.185 किलो ग्राम गांजा, कार सीजी 04 बी 9230 और मोबाइल जब्त किया गया। सामनों की कीमत 1.71 लाख 50 रुपए का आंका गया है। दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील किया है कि किसी भी प्रकार की अवैध मादक पदार्थ गतिविधि की सूचना पुलिस को तुरंत दे। कार्रवाई में निरीक्षक राजेश साहू समेत उनकी टीम का योगदान रहा है। गौरतलब हो कि गांजा तस्करी को लेकर पुलिस कार्रवाई सिफर दिख रही है।

### महतारी वंदन में केवाईसी के नाम पर किया जा रहा परेशान : साहू

**उतई।** जिला दुर्ग कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण प्रवक्ता द्वारिका साहू ने महतारी वंदन योजना में केवाईसी के नाम पर महिलाओं के नाम काटने का बहाना बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनाव में सभी विवाहित महिलाओं को प्रति माह 1000 देने का वादा किया था लेकिन चुनाव के बाद से लाखों बहनों का विवाह हुए हैं वह इस महतारी वंदन योजना से वंचित रह रहे हैं जिस पर आज तक भाजपा के साय सरकार ने कोई पहल नहीं की। दुर्ग जिला प्रवक्ता ने बताया कि पहली किस्त में 75 लाख महिलाओं को राशि मिली जो जो धीरे-धीरे घटकर 69 लाख रह गई है। उन्होंने भीषण गर्मी में केवाईसी के नाम पर महिलाओं को परेशान करने और लाभ से वंचित करने का आरोप लगाया।

# भिलाई के पॉश इलाके सुंदर नगर में सरकारी नाले की जमीन पर अवैध प्लॉटिंग

## निगम की लचर कार्रवाई के चलते भूमाफियाओं के हौसले बुलंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर निगम क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग का कारोबार इतनी तेजी से फैला है कि यहां भू-माफिया सरकारी जमीन को भी बेचने से पीछे नहीं हट रहे हैं।ऐसा ही एक मामला भिलाई नगर निगम के जोन 2 अंतर्ग सुंदर नगर क्षेत्र में सामने आया है। यहां केपीएस स्कूल के पीछे बाबा दीपसिंह नगर काफी बड़ी जमीन में अवैध प्लॉटिंग की जा रही है।

भिलाई नगर निगम के पार्षद और भाजपा नेता इसे लेकर बड़ा आंदोलन करने वाले हैं। वो पहले इसकी शिकायत कलेक्टर और आयुक्त से करेंगे। यदि इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हुई तो आगे आंदोलन किया जाएगा। इस लड़ाई में मोहल्ले के लोग भी उनके साथ हैं। जानकारी के मुताबिक वार्ड 20 अंतर्गत केपीएस स्कूल के पीछे एक नाला गुजर रहा है। इस नाले से लगती एक बड़ी खाली जमीन को छोटे छोटे भू-खंडों में काटकर अवैध प्लॉटिंग की जा रही है। कुछ स्थानीय नेताओं का संरक्षण होने के चलते निगम के अधिकारी इस पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जोन 2 के एक पार्षद ने बताया कि अवैध प्लॉटिंग करने वाले ने नाले की जमीन को पाटकर उसमें भी प्लॉटिंग की है। यदि निगम ने समय रहते नाली का सीमांकन कर जमीन से अतिक्रमण और प्लॉटिंग को नहीं हटवाया तो कुछ दिन में यहां मकान बन जाएंगे। इसके बाद भू-माफिया नहीं आम लोग परेशान होंगे।



### काटे गए 24 प्लॉट

जानकारी के मुताबिक यहां पर भू-माफिया द्वारा जो जमीन का लेआउट काटा गया है उसमें 24 प्लाट हैं, जो अलग-अलग साइज के हैं। अवैध प्लाटिंग करने वाले सोशल मीडिया में इसका प्रचार भी कर रहे हैं। उसमें जमीन का रेट 1200-2800 रुपए वर्ग फिट तक बताया जा रहा है। लोगों की प्रीमियम लोकेशन और प्रीमियम बिजली पानी की सुविधा बताकर प्लॉट बेचे जा रहे हैं।

### लोगों से सोच समझकर प्लॉट लेने की अपील

इस मामले को लेकर जब वार्ड 20 भाजपा पार्षद स्मिता दोड़के से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वो दिल्ली आई हैं। उन्हें भी अवैध प्लॉटिंग होने की शिकायत मिली है। वो दिल्ली से आकर इसकी शिकायत निगम में करकर इसे रुकवाने की कार्रवाई करेंगे। पार्षद दोड़के ने लोगों से कहा कि वो अवैध प्लॉटिंग में प्लॉट खरीदने से पहले निगम और राजस्व विभाग के अधिकारियों या स्थानीय पार्षद सही जानकारी लें। इसके बाद ही अपनी मेहनत की पूंजी इसमें लगाएं।

## संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित हुआ जनदर्शन कार्यक्रम

# कलेक्टर जनदर्शन में ग्रामीणों ने रखीं समस्याएं, त्वरित निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु पहुंचे ग्रामीणो से कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से आत्मीय बातचीत कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में ग्राम रमतरा की तिलेश्वर ने आबादी भूमि दिलाने, ग्राम मोखा के लुकेश मंडावी ने दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने, ग्राम गहिरा नवागांव के लालाराम ने पीएम आवास हेतु भूमि दिलाने, ग्राम हल्दी की जयश्री बंजारे ने पेंशन दिलाने, ग्राम देवरीबंगला के रेखलाल ने दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का लाभ दिलाने, ग्राम गुरेदा की कांतेश्वरी ने आबादी भूमि दिलाने, ग्राम परसदा डंग के ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने और ग्राम बघेली के कुशल सिंह ऋण पुस्तिका दिलाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए।





जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में लोग कलेक्टर से मुलाकात करने पहुँचे थे। कलेक्टर मिश्रा ने जनदर्शन में पहुँचे लोगों से बारी–बारी से मुलाकात कर पूरी आत्मीयता से उनके मांगों एवं समस्याओं को सुना। मिश्रा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से जनदर्शन में पहुँचे लोगों के मांगों एवं समस्याओं के समुचित निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# नारीशक्ति वंदन अधिनियम पर कांग्रेस कर रही राजनीति - तारणी चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दशकों तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस ने महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण को केवल नारों तक सीमित रखा और आज जब देश की आधी आबादी को उनका हक मिलने का समय आया है तो विपक्ष इसमें अड़ंगेबाजी कर रहा है।

उक्त आरोप जिला पंचायत अध्यक्ष बालोद तारणी चंद्राकर ने लगाया है। तारणी ने कहा कि नारीशक्ति वंदन अधिनियम को लेकर झूठ फैला रही है। असल में कांग्रेस और विपक्षी दल नारी को उनका सम्मान देना ही नही चाहते।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने ऐतिहासिक नारीशक्ति वंदन अधिनियम लाकर महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का संकल्प लिया है। लेकिन विपक्षी दलों का रवैया हमेशा से नकारात्मक रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने हमेशा नारीशक्ति के उत्थान और उनके सपनों पर कुठाराघात किया है। जब–जब महिलाओं को नेतृत्व सौंपने की बात आई, कांग्रेस और उनके सहयोगियों ने इसे ठंडे बस्ते में डालने का काम किया। यह उनकी महिला विरोधी मानसिकता का परिचायक है।



जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी चंद्राकर ने इस बात पर गहरा क्षोभ व्यक्त किया कि संसद में इस अधिनियम की राह में जानबूझकर बाधाएं उत्पन्न की गईं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश की महिलाएं देख रही हैं कि कौन उनके हक की बात कर रहा है और कौन केवल राजनीति। कांग्रेस ने अपने शासनकाल में इस बिल को पारित कराने की इच्छाशक्ति कभी नहीं दिखाई। एक तरफ लड़की हूँ, लड़ सकती हूँ, जैसे नारे दिए जाते हैं, तो दूसरी तरफ संवैधानिक हक देने के समय पीछे हट जाते हैं। महिलाओं की भागीदारी के बिना विकसित भारत का सपना अधूरा है, जिसे विपक्ष कमजोर करना चाहता है।

जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी चंद्राकर ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अधिनियम करोड़ों महिलाओं के सम्मान और आत्मविश्वास का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता आने वाले समय में उन दलों को सबक सिखाएगी जिन्होंने नारीशक्ति के उत्थान के मार्ग में कांटे बोए हैं।

# अंधेरे व मच्छरों के बीच हुआ रतजगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शहर में गर्मी बढ़ने के साथ ही टाउनशिप में बिजली गुल होने का सिलसिला शुरु हो गया है। बीती रात सेक्टर 7 और सेक्टर 8 में रातभर बिजली की आंखमिचौली से रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। भारी गर्मी के साथ अंधेरे और के बीच लोग रतजगा करते रहे। टाउनशिप में पारा 42 डिग्री पहुंचते ही रहवासियों की दिक्कतें बढ़ने लगी है। भीषण गर्मी में बिजली की समस्या दुबले पर दो आषाढ़ की तरह साबित हो रही है। दिन में जहां बिजली आ जा रही है वहीं रात में लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। शनिवार को सेक्टर 7 और सेक्टर 6 में शाम 8.30 बजे गई बिजली रात 12 बजे आई। इसके बाद रात भर बिजली की आंखमिचौली का सिलसिला चलता रहा। इस कारण रहवासी भारी गर्मी और उमस से पसीने से लथपथ होकर रतजगा करते रहे। कई लोग भारी बेचैनी से परिवार के आंगन में बैठकर बिजली आने का इंतजार करते रहे हैं। वहीं अनेक लोग देर रात तक सड़कों में टलहलते हुए और मैदानों में बैठे रहे। वहीं कुछ लोगों ने अपने रिश्तेदारों व मित्रों के घरे रात गुजारी। क्षेत्रवासियों ने बताया कि पिछले तीन चार दिनों दिन में जहां बिजली गुल हो रही है वहीं रात में भी बिजली की आंखमिचौली जारी होने से हलाकान होना पड़ रहा है। भारी गर्मी और मच्छरों के कारण सबसे ज्यादा परेशानी छोटे बच्चों और फर्स्ट शिफ्ट में काम करने वाले कर्मियों को हो रही है।

पेज 9 के शेष...

### दल्लीराजहरा वार्ड-5...

आकर्षण का केंद्र बन सकता है।

वार्ड पार्षद पुसई बाई साहू ने बताया कि आधे हिस्से में हुई सफाई के अच्छे परिणाम सामने आए हैं, अब बाकी हिस्से में भी जल्द कार्य कराया जाएगा। उनका कहना है कि तालाब का समुचित विकास होने से क्षेत्र में जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और पर्यावरण संतुलन में भी मदद मिलेगी। नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने बताया कि तालाब के संपूर्ण जीर्णोद्धार के लिए प्रस्ताव तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजा गया है। प्रस्ताव स्वीकृत होते ही तालाब के चारों ओर विद्युतीकरण, सौंदर्यीकरण और आवश्यक संरचनात्मक कार्य शुरू किए जाएंगे, जिससे यह स्थान एक व्यवस्थित और सुरक्षित सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित होगा।

सफाई अभियान के दौरान एक चिंताजनक पहलू भी सामने आया, जहां तालाब के अंदर और किनारों पर प्लास्टिक की बोतलें, कांच की शराब की बोतलें, घरेलू कचरा और पूजा सामग्री के अवशेष बड़ी मात्रा में पाए गए। इससे स्पष्ट होता है कि आम लोगों की लापरवाही भी जलस्त्रोतों की दुर्दशा का एक बड़ा कारण है।

स्थानीय निवासियों ने भी सफाई अभियान की सराहना करते हुए कहा कि नगर पालिका का यह प्रयास सराहनीय है, लेकिन इसे स्थायी परिणाम देने के लिए नागरिकों की भागीदारी जरूरी है। लोगों का कहना है कि यदि तालाब को नियमित रूप से साफ रखने के साथ-साथ कचरा फेंकने पर सख्ती की जाए तो इसकी सुंदरता लंबे समय तक बरकरार रह सकती है।नगर पालिका के कर्मचारियों ने बताया कि लगभग 10 महीने पहले भी इसी तालाब की सफाई की गई थी, लेकिन गाद और खरपतवार फिर से उग आए। ऐसे में अब स्थायी समाधान के लिए ठोस योजना बनाने की आवश्यकता है, ताकि बार-बार सफाई अभियान चलाने की जरूरत न पड़े और समय व संसाधनों की बचत हो सके। शंकर तालाब की सफाई ने एक सकारात्मक संदेश दिया है कि यदि प्रशासन और नागरिक मिलकर प्रयास करें तो जलस्त्रोतों को संरक्षित और सुंदर बनाया जा सकता है। आने वाले दिनों में इसके जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण की योजनाएं इस पहल को और मजबूती देंगी।

### सुशासन तिहार...

दौरान वे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण भी करेंगे। इसके लिए उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने सुशासन तिहार के दौरान आयोजित होने वाली समीक्षा बैठक एवं प्रेस वार्ता के आयोजन के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिले में अपने प्रवास के दौरान विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों से भेंट करेंगे। कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित होने वाली जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों का शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए पात्रता एवं शर्तों आदि की जानकारी भी अनिवार्य रूप से उल्लेख करने को कहा। कलेक्टर मिश्रा ने शिविरों में संबंधित क्षेत्रें के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। बैठक में मिश्रा ने 11 मई को 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के आयोजन के संबंध में भी जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम का लाईव प्रसारण किए जाने की जानकारी दी। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसके लिए जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को भीषण गमएॅ को देखते हुए राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों के समीप प्याऊ घर स्थापित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिलेवासियों के लिए पेयजल एवं निस्तारी हेतु समुचित मात्र में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए।

### लव जिहाद मामले...

उत्पीड़न, जनजाति की अवयस्क बालिकाओं का शोषण आदि अनेक प्रकार की घटनाएं इसी मानसिकता की उपज हैं। जिसमें विशेष रूप से विश्व हिंदू परिषद जिला सहमंत्री महेंद्र मोनू सोनवानी, नगर अध्यक्ष रवि माधवानी, बजरंग दल जिला संयोजक प्रदीप मिनपाल, नगर संयोजक सोनू भारद्वाज, नगर सह संयोजक राजा यादव, बजरंग दल कार्यकर्ता सन्नी ढीमर, रवि पटेल, आदि धुरवे, तुषार ढीमर, युवराज यादव, मोनू यादव, कोमल यादव, तेजेश्वर नायडू,तेज प्रताप, सुभाष यादव, इंद्रजीत, डिलेश्वर सोनकर, साईं सोनवानी, ओम अरोरा, आशीष यादव, युवराज अभिषेक यादव, कीर्तन साहू, सेवन साहू, राहुल साहू, पवन यादव, मनीष धुरवे, सागर सेन, अनिल यादव, टिकेश साहू, बबलू राना, अंश योगी, आशु कौशिक, कमल बजाज, जितेश ठाकुर, हनी गंगराले उपस्थित थे।

### शराब पीकर गाड़ी...

चलाते पाएं जाने से चालक के विरूद्व कार्यवाही कर 10,000 रूपये का अर्थदण्ड किया गया है। ज्ञात हो कि शराब सेवन कर वाहन चलाने पर प्रथम अपराध में 10,000 रूपये जुर्माना एवं 06 माह तक की कारावास एवं द्वितीय अपराध पर 15,000 रूपये जुर्माना एवं 02 साल तक की सजा का प्रावधान है। बालोद पुलिस द्वार शराब पीकर वाहन चलाने वाले सभी वाहन चालकों का लायसेंस सस्पेंड करने के लिए संबंधित परिवहन विभाग को पत्र जारी कर लायसेंस 06 माह के लिए सस्पेंड किया जा रहा है। द्वितीय बार शराब पीकर वाहन चलाते पाएं जाने से वाहन चालक का लायसेंस हमेशा के लिए निरस्त किया जाना है। यातायात पुलिस बालोद के द्वारा लगातार वाहन चालको से अपील किया जा रहा है कि शराब सेवन कर खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हुए अपने तथा अन्य व्यक्तियों की जान जोखिम में न डाले, हमेशा यातायात नियमों का पालन करे। यातायात पुलिस बालोद ने आम नागरिकों से अपील की है कि मालवाहक वाहन में सवारी भरकर परिवहन न करे, यातायात नियमों का पालन करे, रात्रि में वाहन चलाते समय अपर डिपर का प्रयोग करे, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करे, नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, संयमित गति से वाहन चलाएं एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावें व वाहन चलाते समय वाहन के दस्तावेज हमेशा अपने साथ रखे।

### महिला आरक्षण पर...

के परिसीमन का भाजपा का षड्यंत्र विफल हो गया है, अब भाजपा महिला आरक्षण के नाम पर भ्रम फैला रही है, आज पंचायतों और स्थानीय निकायों में महिलाओं को जो आरक्षण मिल रहा है वो कांग्रेस की नीतियों की वजह से है, सर्वप्रथम मई 1989 में स्व राजीव गांधीजी ने पंचायतों और नगरीय निकायों में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण का बिल पेश किया, वह विधेयक लोकसभा में पारित हो गया था लेकिन सितंबर 1989 में राज्यसभा में पारित नही हो सका, अप्रैल 1993 में तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व पी वी नरसिम्हा राव ने दोनों विधेयकों को फिर से संसद में पेश किया, जो कि दोनों सदनों में पारित होकर कानून बन गये, संसद और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण का संविधान संशोधन विधेयक तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व डॉ मनमोहन सिंह द्वारा लाया गया जो कि 9 मार्च 2010 को राज्यसभा में पारित हुआ, कांग्रेस की सरकारों के प्रयास से ही देश भर में पंचायतों और नगर पालिकाओं में 15 लाख से अधिक महिला निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं। प्रेसवार्ता के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के उपाध्यक्ष रामजी भाई पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, महामंत्री भोजराज साहू, धीरज उपाध्याय, बालोद शहर कांग्रेस अध्यक्ष अंचल प्रकाश साहू, अनिल यादव, कमल टुवानी, शेख मतीन उपस्थित थे।

# जनपद पंचायत डोंडी की बैठक नहीं होने पर सदस्यों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

■ डीएमएफ राशि खर्च करने की मांग

आदिवासी विकासखंड डोंडी के जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित समस्त जनपद सदस्यों ने कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा से कलेक्टर कार्यालय बालोद में मुलाकात कर जनपद पंचायत डोंडी की सामान्य सभा की बैठक विगत दो माह से नहीं होने पर नाराजगी जताई। सदस्यों ने बताया कि बैठक नहीं होने से क्षेत्र की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है और शासन की योजनाओं की जानकारी भी नहीं मिल रही है।



जनपद सदस्यों ने बताया कि 17 अप्रैल को सामान्य सभा की बैठक रखी गई थी, लेकिन मुख्य कार्यपालन अधिकारी के अवकाश पर होने के कारण प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीपेश रात्रे उपस्थित थे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी के 9 मई तक अवकाश में होने की जानकारी दी। इस पर सदस्यों ने आपत्ति जताते हुए बैठक स्थगित कर दी।

इस दौरान सदस्यों ने डोंडी ब्लॉक की विभिन्न समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया तथा खनिज प्रभावित क्षेत्र होने के कारण जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) की राशि डोंडी ब्लॉक में खर्च करने की मांग की। मुलाकात करने वालों में मुकेश कौड़ो अध्यक्ष,भोलाराम नेताम उपाध्यक्ष,आशा आर्य सभापति कृषि,रत्ना हिरवानी सभापति निर्माण , झमित बाई सभापति सहकारिता साधना सोरी सदस्य शिक्षा समिति,तुलेश्वर हिचामी सदस्य शिक्षा समिति एवं जनपद सदस्य ,पुनित सेन ,शिव बारला,बिसन्तीन आर्य, ईश्वरी देशलहरा,मंजू संजय बैस, प्रीति उर्वशा मौजूद थी

## पंपों के दुरुपयोग से बढ़ रहा संकट, गर्मी में पानी-बिजली बचाने सांसद विजय ने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रदेश में बढ़ती गर्मी के बीच पानी और बिजली की समस्या गंभीर रूप लेती जा रही है। इसी स्थिति को देखते हुए सांसद विजय बघेल ने आमजनता से पानी और बिजली के सदुपयोग के साथ जल संरक्षण को लेकर जागरूक रहने की अपील की है।

सांसद ने कहा कि लगातार बढ़ते तापमान के कारण जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है। वहीं, कई जगहों पर टुल्लू पंपों के अवैध उपयोग से स्थिति और बिगड़ रही है। पाइपलाइन से पानी को जबरन खींचने के कारण फ्लैट और बहुमंजिला इमारतों में रहने वाले लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे रोजमर्रा की जरूरतें भी प्रभावित हो रही हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, टुल्लू पंपों के इस्तेमाल से जल वितरण असंतुलित हो रहा है।

# लिस्टोमेनिया किचन एंड क्लब में पुलिस की दबिश, संचालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जुनवानी सूर्यामॉल में संचालित लिस्टोमेनिया किचन एंड क्लब में लंबे समय से अवैध बियर बेचने की शिकायत मिल रही थी। स्मृति नगर पुलिस ने सूचना पर 18 अप्रैल की रात यहां दबिश दी। वहां 64 बियर जब्त की गई। संचालक सेक्टर-04 भिलाई निवासी संजय गुप्ता को गिरफ्तार किया गया है। उसे न्यायालय में पेश किया गया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि क्लब निर्धारित समय के बाद भी खुला रहता था। पुलिस ने बताया कि क्लब संचालक ने बीयर की बोतलों को छत पर छिपाकर रखा था। पुलिस ने स्टॉक कंपनी की बीयर जब्त की। जिसकी कुल मात्रा 41.600 बल्क लीटर बताई गई है। आरोप है कि यहां कस्टमरों को कल्ब लाइसेंस समाप्त होने के बाद भी चोरी-छिपे शराब बेची जाती थी।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## भीषण गर्मी में रामदेव महिला मंडल ने बांटे शीतल छाछ

**बालोद**। भीषण गर्मी को देखते हुए रामदेव महिला मंडल बालोद द्वारा राहगिरो को राहत पहुचाने शीतल छाछ वितरण किया गया। रामदेव महिला मंडल की महिलाओ ने स्वयं गर्मी के बीच खड़े रहकर राहगिरो को ठंडकता पहुंचाने का कार्य किया। इस दौरान राहगिरो ने गर्मी से राहत पाने के लिए रामदेव महिला मंडल की महिलाओ के कार्यो की सराहना की। छाछ वितरण का कार्यक्रम शिव मंदिर पुराना बस स्टैंड बालोद के पास किया गया। जिसमें अध्यक्ष स्वर्णा राजौरिया, सचिव मुक्ता टावरी, कोषाध्यक्ष रजनी टुवानी सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

## पिनकापार में 4 मई को लगेगा जसनि शिविर

**बालोद**। राज्य शासन द्वारा जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम पारदर्शी एवं त्वरित सेवाओं का उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पिनकापार में 04 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पिनकापार में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम महराजपुर, गिधवा, पिनकापार, मुजगहन, फुलसुंदरी, बहेराभाठा, चेबा नवागांव, जेवरतला, रानीतराई रोड, भरदा ट, हरदी, औरी, टटेंगा, नाहंदा पीपरखार ना, संबलपुर क, खामतराई, कुआगांव, मनकी सा एवं खपराभाट के ग्रामीण शामिल होंगे। शिविर के सफल आयोजन हेतु कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग पीयूष देवांगन को नोडल अधिकारी एवं जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज देव एवं जल संसाधन विभाग के आशीष रूसिया को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## मिशन कर्मयोगी: 30 अप्रैल तक सभी शासकीय सेवकों की शत-प्रतिशत ऑनबोर्डिंग अनिवार्य

**बालोद**। राज्य शासन के निर्देशानुसार सभी शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को 'आई गोट मिशन कर्मयोगी' अंतर्गत 30 अप्रैल तक शत–प्रतिशत ऑनबोर्डिंग कराना अनिवार्य है। उल्लेखनीय है कि ऑनबोर्डिंग की प्रक्रिया ई–एचआरएमएस पोर्टल के अलावा एमडीओ एडमिन के माध्यम से सीधे ऑनबोर्डिंग कर सकते हैं। इसके साथ ही सभी विभागाध्यक्षों को नियमित रूप से इसकी प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं। ज्ञातव्य हो कि 'आई गोट मिशन कर्मयोगी' का मुख्य उद्देश्य डिजिटल लर्निंग और कौशल विकास के जरिए प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी व कुशल बनाना है।

## पत्नी के साथ अवैध संबंध की रंजिश, युवक पर किया हमला

**भिलाई**। अवैध संबंध को लेकर युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नयापारा दुर्ग निवासी परदेशी राम निर्मलकर पुलिस में शिकायत किया। जिसमें पुत्र हेमंत निर्मलकर 18 अप्रैल की रात उतई तिराहा स्थित टेम्पो स्टैण्ड के पास आरोपी ने जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से हमला किया गया। आरोपी ग्राम बोरतरा थाना गुरूर जिला बालोद, हाल निवासी मांढर जिला रायपुर निवासी अंकित सिन्हा है। आरोपी को अपनी पत्नी के संबंधो को लेकर संदेह था। इस कारण हेमंत के प्रति आरोपी रंजिश रखता था। मौका मिलते ही हेमंत पर हथियार से वार कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। विवेचना के दौरान आरोपी अंकित को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने स्वीकार किया कि अवैध संबंध को लेकर उस पर हमला किया।

### बालोद को देश का पहला बाल विवाह मुक्त जिला बनने का गौरव प्राप्त

# कलेक्टर मिश्रा के एक वर्ष के कार्यकाल में बालोद जिले को मिली नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद



कलेक्टर मिश्रा के 01 वर्ष के कार्यकाल पूरा होने के अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम के दौरान जिले के अधिकारी–कर्मचारियों ने कलेक्टर मिश्रा को शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्यों एवं जिले को विभिन्न क्षेत्रे में मिली उल्लेखनीय सफलताओ के लिए भूरी–भूरी प्रसंशा की। इस दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि मेरे 01 वर्ष के कार्यकाल के दौरान जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों के साथ जिले के जनप्रतिनिधियों सहित संपूर्ण जिले वासियों के अमूल्य सहयोग के बदौलत बालोद जिले को विभिन्न क्षेत्रें में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हुई हैं। मिश्रा ने कहा कि शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों की महती भूमिका रही है। जिसके फलस्वरूप मेरे 01 वर्ष के कार्यकाल में बालोद जिले को देश का पहला बाल विवाह मुक्त जिला बनने का गौरव प्राप्त होने के अलावा जल संचय, जनभागीदारी अभियान 1.0 के अंतर्गत जोन 02 में बेस्ट परफार्मिंग जिले के रूप में पूरे देश में प्रथम स्थान अर्जित करने में सफल रहा। इसके साथ ही 20 जुलाई 2025 को जिला प्रशासन द्वारा आयोजित वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत सभी वर्गों के सहयोग से कुल 01 लाख 74 हजार पौधरोपण करने का कीर्तिमान भी हमें हासिल हुआ है। जिससे पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में बालोद जिले को नई पहचान मिली। जिले को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत बालोद जिले में हुए उल्लेखनीय कार्यों के लिए जिले को स्क्रीन फेलिसिटेशन अवार्ड से सम्मानित भी किया गया। उन्होंने कहा कि इन सारी उपलब्धियों के अलावा अधिकारी–कर्मचारियों के सहयोग से जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे मिशन गोद अभियान के जिले में अंतर्गत गंभीर कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने का अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कार्य किया गया है।

उन्होंने कार्यकाल के दौरान चल रहे नीर चेतना अभियान आदि के कार्यों की भी सराहना की। कलेक्टर मिश्रा ने जिले को मिले इन सारी उपलब्धियों का श्रेय जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों के साथ–साथ संपूर्ण जिले वासियों को दी है। उन्होंने जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य करते हुए जिले में शासन के सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित कर बालोद जिले को प्रत्येक क्षेत्रें में अग्रणी बनाने में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा।

# मानव जीवन आत्मकल्याण का दुर्लभ अवसर : सागर जी मसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

नगर के ज्ञान वल्लभ उपाश्रय प्रांगण स्थित सभागार में रविवार को आचार्य भगवंत श्रीमद् विजय जिन पीयूष सागर सुरीश्वर जी म.सा. के आज्ञानुवर्ती शिष्यरत्न मुनि श्री समर्पित सागर जी मसा ने आध्यात्मिक प्रवचनों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए मानव जीवन के महत्व और आत्मकल्याण के मार्ग पर प्रकाश डाला।

■ ज्ञान वल्लभ उपाश्रय में आध्यात्मिक प्रवचन, बड़ी संख्या में श्रद्धालु रहे

मुनि श्री ने कहा कि पाप कर्मों का तीव्र उदय और पूर्व जन्मों के कुसंस्कार व्यक्ति को मार्ग से भटका देते हैं। अनंत जन्मों से संचित कुसंस्कार आत्मा में विद्यमान रहते हैं, जिन्हें इस दुर्लभ मानव जीवन में जिनवाणी का सहारा लेकर समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रभु के समक्ष पश्चाताप करने से कुसंस्कार शिथिल पड़ते हैं और व्यक्ति सही मार्ग पर अग्रसर होता है।

प्रवचन में उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि रावण के भीतर भी कुसंस्कार थे, किंतु उन्होंने पश्चाताप के माध्यम से अपने संकल्पों को दृढ़ बनाए रखा। मुनि श्री ने मानव जीवन को 'जंक्शन' बताते हुए कहा कि यहां से व्यक्ति चारों गतियों में जा सकता है, इसलिए इस अवसर का सदुपयोग कर संयम, साधना और चारित्र धर्म को अपनाना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि मृत्यु निश्चित है, लेकिन उसका समय अज्ञात है। ऐसे में जीवन के प्रत्येक क्षण को सार्थक बनाते हुए सत्कर्म करना चाहिए, जिससे सद्गति प्राप्त हो सके। परमात्मा में निरंतर जुड़ाव और शुभ भावों में रमण करने से आत्मा का कल्याण संभव है।

मुनि श्री ने आगे कहा कि जीवन को उत्सव बनाना है तो स्वीकार भाव अपनाना होगा। अनुकूलता और प्रतिकूलता दोनों परिस्थितियों में प्रसन्नता बनाए रखना ही सच्ची साधना है। उन्होंने प्रतिकूलता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कठिनाइयों से ही जीवन का निर्माण होता है। जैसे पत्थर छेनी-हथौड़ी की चोट सहकर ही भगवान की प्रतिमा बनता है, वैसे ही सहनशीलता और संघर्ष से मनुष्य का व्यक्तित्व निखरता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अक्षय तृतीया पर कांता ढेलड़िया ने वर्षी तप का किया पारणा

**डोंडी जैन समाज में धार्मिक उत्साह, तपस्वियों का किया गया बहुमान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंडी



डोंडी। अक्षय तृतीया (अखातीज) के पावन अवसर पर डोंडी जैन समाज की कांता सुनील ढेलड़िया ने अपने गुरु विजयराज जी मसा के सान्निध्य में वर्षी तप का पारणा किया। इस अवसर पर जैन समाज में धार्मिक उत्साह और भक्ति का वातावरण बना रहा।

जैन धर्म में वर्षी तप अत्यंत कठिन तपस्या मानी जाती है, जो लगभग 400 दिनों तक चलती है। इसमें एक दिन उपवास और अगले दिन एकासन या बियासना किया जाता है। तप की पूर्णता पर गुरु के सान्निध्य में पारणा करना विशेष पुण्यदायी माना जाता है।

डोंडी निवासी सुश्रावक सुनील ढेलड़िया की धर्म सहायिका कांता जी एवं लालचंद संचेती की धर्म सहायिका समता संचेती ने पूरे वर्ष तपस्या कर अपने कर्मों की निर्जरा की। डोंडी जैन श्रीसंघ के श्रावक-श्राविकाओं ने दोनों तपस्वियों की तपस्या की अनुमोदना करते हुए गुरुदेव के प्रति आस्था व्यक्त की।

**इक्षुरस से कराया गया पारणा**

अक्षय तृतीया के दिन कांता जी का वर्षी तप पारणा गुरु विजयराज जी के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ, वहीं समता संचेती का पारणा दुर्ग में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंगलाचरण के बाद तपस्वियों का बहुमान किया गया। समाज के बालिका मंडल एवं महिला मंडल द्वारा भक्ति गीत और स्तवन प्रस्तुत किए गए।

गुरु विजयराज जी मसा ने तपस्या का महत्व बताते हुए कहा कि तप आत्मशुद्धि और आत्मकल्याण का श्रेष्ठ मार्ग है। इसके पश्चात इक्षुरस से पारणा कराया गया। इस अवसर पर श्रीसंघ डोंडी के अध्यक्ष सुभाष ढेलड़िया, सचिव उत्तम लोढ़ा, उपाध्यक्ष राजेंद्र नाहर सहित कोठारी, गुणधर, गोलछा, बाघमार, बुरड़, चौरड़िया, नाहटा, नाहर, पारख परिवार सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने कांता जी एवं समता जी की तपस्या की अनुमोदना करते हुए उनके स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

# अंडा में धूमधाम से मनाया अक्ती त्योहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा



ग्राम अंडा में अक्ती (अक्षय तृतीया) का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। सुबह से ही ग्रामीणों ने अपने-अपने घरों में पूजा-अर्चना कर भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी की विधिवत आराधना की और सुख-समृद्धि की कामना की।

अक्ती के दिन गांव में विशेष रूप से खेती-किसानी से जुड़े कार्यों की शुरुआत शुभ मानी जाती है। किसानों ने अपने कृषि उपकरणों की पूजा कर नए कार्यों का शुभारंभ किया। कई स्थानों पर बच्चों और युवाओं ने पारंपरिक खेलों का आनंद लिया, वहीं महिलाओं ने गीत-भजन गाकर त्योहार की खुशियां बांटी। गांव में सामाजिक समरसता का भी अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जहां सभी वर्ग के लोग एक साथ मिलकर इस पर्व को मनाते नजर आए। कई घरों में विशेष व्यंजन बनाए गए और आपस में बांटे गए। ग्रामीणों का मानना है कि अक्ती का पर्व शुभ कार्यों की शुरुआत के लिए सबसे उत्तम माना जाता है, इसलिए इस दिन बिना मुहूर्त के भी विवाह, गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य किए जाते हैं।

इस तरह ग्राम अंडा में अक्ती का त्योहार पारंपरिक उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया, जिसने पूरे गांव में खुशियों का माहौल बना दिया।

## नेवारीकला में अक्ती त्योहार मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

ग्राम नेवारीकला में सोमवार को अक्ती त्योहार मनाया गया। जहां बच्चों द्वारा सुबह से ही पुतली पुतली का पूरे रीति रिवाज से विवाह संपन्न करते दिखे। जिसमें ग्रामीण बुजुर्ग व महिलाएं भी बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए पुतला पुतली के विवाह में टीकावन टीकने पहुंचे।



## अक्षय तृतीया पर सामूहिक खिचड़ी प्रसाद का आयोजन

**अण्डा**। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर ग्राम डौकीडीह में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पारंपरिक उत्साह और श्रद्धा के साथ आयोजन किया गया। गांव के शीतला मंदिर के सामने ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से खिचड़ी बनाकर प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं ने मिलकर पूजा-अर्चना की और शीतला माता से सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद सभी ने मिलजुलकर खिचड़ी तैयार की, जिसे प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। ग्रामीणों का मानना है कि अक्षय तृतीया के दिन इस प्रकार सामूहिक रूप से खिचड़ी बनाकर खाने से गांव में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसे नई पीढ़ी भी पूरे उत्साह के साथ निभा रही है। इस आयोजन में गांव के सभी वर्गों के लोग शामिल हुए, जिससे आपसी भाईचारा और एकता का संदेश भी देखने को मिला।



## सहगांव में हुआ संकुल स्तरीय विदाई सह सम्मान समारोह

**डौण्डीलोहारा**। संकुल केन्द्र सहगांव में संकुल स्तरीय विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की पूजा अर्चना के साथ हुआ, तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। भुवन लाल सिन्हा प्रधान पाठक शा. पू. मा. शाला पिंगाल, बेद बाई ठाकुर प्रधान पाठक शा.पू. मा. शाला गैंजी को सेवा निवृत्त होने व लक्ष्मी धुरंधर को प्राचार्य पद में प्रमोशन होने पर बिदाई दी गई। तथा शा.उ. मा. वि. सहगांव में पदस्थ प्रचार्य सूर्या राम मेरिया, लोचन लाल देशमुख व्याख्याता, विद्या चंद्रवंशी विज्ञान सहायक, सुश्री क्रांति गुहा नियोगी व्याख्याता, व शा. पू. मा. शाला पिंगाल के प्रधान पाठक मोहित राम भौसार्य का इसी सत्र संकुल केन्द्र सहगांव में पदस्थ होने पर आत्मीय अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सहायक संचालक दुर्ग शत्रुहन लाल धुरंधर जी विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने इस अनोखी परम्परा के लिए सबको बधाई देते हुए शिक्षा की अलख जगाने की शुभकामनाएं प्रेषित की। संकुल समन्वयक गिरीश कुमार निर्मोही जी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। के. एल. चुरेन्द्र, रेखा देवांगन, चंद्रशेखर ठाकुर और नीलम रानी रामटेके ने बिदा ले रहे अतिथियों की शिक्षा के क्षेत्र में किए गए योगदान व उनके साथ बिताए गए पल के बारे में बताते हुए भावुक हो गये। सभी अतिथियों ने इस कार्यक्रम की भूरी- भूरी प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किए। इस अवसर पर संकुल केन्द्र सहगांव के सभी शिक्षक/ शिक्षिकाएं उपस्थित थे। मंच संचालन प्रधान पाठक विजय कुमार पटेल ने किया। मुनमुन सिन्हा सहायक शिक्षक गैंजी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# सेजस मोहदीपाट में हुआ वार्षिक स्नेह सम्मेलन





हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

स्वामी आत्मानंद शास.उत्कृष्ट हिंदी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मोहदीपाट जिला बालोद में शनिवार को प्रतिवर्षानुसार वार्षिक स्नेह सम्मेलन बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिनके मुख्यातिथि- श्रद्धेय डोमन लाल कोर्सेवाडा राजमहंत, उपाध्यक्ष, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, विधायक विधानसभा क्षेत्र अहिवारा, अध्यक्षता कुंवर सिंह निषाद विधायक, विधानसभा क्षेत्र,गुण्डरदेही, विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र साहू पूर्व विधायक विधानसभा क्षेत्र गुण्डरदेही, पवन सोंनवरसा उपाध्यक्ष,जिला भाजपा बालोद, गविंद्रनाथ साहू उपाध्यक्ष,अन्य पि.वर्ग मोर्चा जिला बालोद, दीपा प्रधान सरपंच ग्राम पंचायत मोहदीपाट, टिकेंद्र देवांगन उपसरपंच, पोषण देवांगन अध्यक्ष, ग्राम विकास समिति, नरसिंह देवांगन अध्यक्ष न्यास सिद्ध मोहदीपाट, श बिमला इक्का प्राचार्य सेजस, मुकेश साहू, हेमलाल विश्वकर्मा सांसद प्रतिनिधि सेजसे, ओमप्रकाश कौशिक, आयोजक- समस्त शाला परिवार शास. उत्कृष्ट हिंदी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय ,पूर्व माध्यमिक,प्राथमिक.मोहदीपाट, अर्चना चौरे पूर्व प्रभारी प्राचार्य, नमिता देशमुख सांस्कृतिक प्रभारी, मंच समस्त पालकगण, समस्त शिक्षकगण, सभी विद्यालय छात्रसंघ सबका आभार माननीय मंत्री ने कल स्कूल के कार्यकम से शाला परिसर में डोम प्रार्थना सभा,शेड मुक्ति धाम में प्रतीक्षाकक्ष, गौरव पथ वार्ड 01, सामुदायिक भवन आदि की घोषणा की।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई पूजा-अर्चना

# धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर



तहसील के ब्राह्मण समाज ने अधर्म और अन्याय का नाश कर धर्म और न्याय स्थापित करने वाले भगवान परशुराम का प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया। उत्सव का आयोजन नगर के काल भैरव देउर मंदिर में किया गया, जिसमें गुरुर तहसील के ब्राह्मण परिवार सम्मलित हुए। परशुराम प्राकट्य उत्सव की शुरुआत बाल आचार्य अक्षत पांडेय व निखिल पांडेय द्वारा किये गए वैदिक मंत्रेच्चार से भगवान परशुराम की पूजा अर्चना से हुई, ततपश्चात शंख, घण्टा व नाद से महाआरती की गई। भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर वरिष्ठअधिवक्ता एवं नोटरी सुरेंद्र तिवारी ने कहा कि भगवान परशुराम सर्व सनातनियो के आदर्श हैं, उन्होंने अधर्म का नाश कर धर्म की स्थापना की, अन्याय के विरुद्ध शस्त्र उठाकर न्याय को स्थापित किया। पितृ आदेश पालन व मातृ प्रेम का संदेश उनके जीवन से हमें मिलता है। जिले के शिक्षाविद जितेंद्र शर्मा ने कहा ऋषि जमदग्नि व माता रेणुका की संतान परशुराम का सम्पूर्ण जीवन पूरे समाज को धर्म रक्षा हेतु शास्त्र व शस्त्र दोनो में पारंगत होने की प्रेरणा देता है। शास्त्र हमारे जीवन मे अनुशासन को व शस्त्र अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने की शक्ति प्रदान करता है। शर्मा ने भगवान परशुराम को चिरंजीवी देव बताते हुए कहा कि भगवान परशुराम ब्राह्मण समाज के कुलश्रेष्ठ हैं, सभी ब्राह्मण उनके वंशज हैं। एक ब्राह्मण का जीवन केवल एक समाज हेतु नही अपितु पूरे मानवजाति हेतु समर्पित होता है। काल भैरव देउर मंदिर के बाल आचार्य निखिल पांडेय और अक्षत पांडेय ने भगवान परशुराम का जीवन परिचय देते हुए उनकी गाथा सभा को बताई और वैदिक मंत्रेच्चार से पूजन अर्चन के कार्य को सम्पन्न किया। भाजपा हिन्दू संगठन के दुर्गादत्त मिश्रा ने कहा कि एक ब्राह्मण, ब्रम्हाण्ड के सभी चराचर हेतु मंगलकामना प्रतिदिन अपने मंगलाचरण और संध्यावंदन में करता है।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर बल्लू महाराज, गिरेन्द्र शर्मा, नीरज पांडेय, बालमुकुंद शर्मा, जितेंद्र प्रसाद शर्मा, अनमोल ओझा, कैलाश शर्मा, भारत शर्मा, मनोज शर्मा, राजकुमार पांडेय, वेदांत शर्मा, विराट शर्मा, राहुल शर्मा, आयुष दीवान, शीला शर्मा, अनीता पांडेय, पूर्णिमा शर्मा, रामकली शर्मा, रंजू शर्मा, पुष्पा शर्मा, दीप्ति शर्मा, आशा मिश्रा, संगीता दीवान, बेबी ओझा, अर्चना पांडेय, प्रिया शर्मा, गायत्री शर्मा, माधुरी शर्मा, संगीता शर्मा, वैभवी शर्मा व विप्र परिवार उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411